प्रो0 राजीव कुमार
परीक्षा नियंत्रक

डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0
(पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स0 : ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2024/1098

दिनांक: 19 जुलाई, 2024

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य/समस्त छात्र/छात्राएं
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

**विषयः सत्र 2023-24 के विषम सेमेस्टर के द्वितीय चरण की प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट परीक्षायें आयोजित कराये जाने तथा आतंरिक अंकों को ई0आर0पी0 अपलोड किये जाने हेतु तिथि विस्तारित किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक के सन्दर्भ में अवगत करना है कि विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2023-24 के सम सेमेस्टर के स्नातक एवं परास्नातक के विभिन्न पाठ्यक्रमों एवं सेमेस्टरों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के रेगुलर तथा कैरी ओवर विषयों की द्वितीय चरण की प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट परीक्षायें दिनांक 18 जुलाई, 2024 से दिनांक 22 जुलाई, 2024 के मध्य सम्पन्न कराई जा रही है। उक्त सेमेस्टर परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले छात्र/छात्राओं के प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट (Practical External) तथा आतंरिक अंकों (Theory Sessional/Practical Sessional) को ई0आर0पी0 के माध्यम अपलोड/प्रेषित किये जाने हेतु **दिनांक 31 जुलाई, 2024 तक** ई0आर0पी0 पोर्टल खोल दिया गया है।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त से तदनुसार अवगत होते हुए संस्था स्तर से अपलोड किये जाने वाले प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट (Practical External) तथा आतंरिक अंकों (Theory Sessional/Practical Sessional) को ई0आर0पी0 पोर्टल पर अपलोड/प्रेषित कराते हुए **हस्ताक्षरित हार्ड कापी दिनांक 05 अगस्त, 2024 तक** स्पाइरल **बाइन्डिंग** के साथ अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा करने का कष्ट करें।

भवदीय

19/07/2024

( प्रो0 राजीव कुमार )
परीक्षा नियंत्रक

**पृष्ठांकन संख्या व दिनांक उपरोक्त।**
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति/कुलसचिव/वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अपर/उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. प्रभारी ई0आर0पी0, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित की उपरोक्त के सन्दर्भ समयानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
4. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

( प्रो0 राजीव कुमार )
परीक्षा नियंत्रक